टूरिस्ट कॉरिडोर से जुड़ेंगे गेतलसूद डैम व जोन्हा-हुंडरू फॉल

चर्चा में क्यों?

20 अगस्त, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी राँची में स्थित गेतलसूद डैम क्षेत्र को पतरातू की तरह विकसित करने की कार्ययोजना पर राज्य सरकार काम कर रही है। सरकार ने गेतलसूद डैम, हुंडरू फॉल व जोन्हा फॉल को टूरिस्ट कॉरिडोर से जोड़ने की योजना बनाई है।

प्रमुख बिंदु

- इन पर्यटन स्थलों को सरकार ने राजकीय महत्त्व का दर्जा दिया है। गेतलसूद डैम क्षेत्र में रिसॉर्ट, नाव शेड, नाव लैंडिंग की सुविधा, कैंपिंग ग्राउंड, कारवां पार्क, होली डे केबिन, होटल, हाउस बोट, मरीना, मोटल, खेल का मैदान, जलपान कक्ष, दुकान का निर्माण किया जाएगा। जेटीडीसी के अधीन इसकी देखरेख की जाएगी।
- जोन्हा, हुंडरू फॉल व गेतलसूद डैम को विकसित कर पर्यटकों को आकर्षित किया जाएगा। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये सरकार प्लानिंग करा रही है। इस पर पाँच साल में करोड़ों रुपए खर्च करने की योजना है। योजना के तहत यहाँ पहुँचने के लिये सड़क मार्ग को सुदृढ़ किया जाएगा।
- सिल्ली विधायक सुदेश ने बताया कि कॉरिडोर निर्माण से क्षेत्र में रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे, साथ ही क्षेत्र का विकास भी होगा।
- पर्यटन विभाग जोन्हा, हुंडरू और दशम फॉल में रोप-वे लगाने की संभावना तलाश रहा है। इसके लिये पर्यटन विभाग ने राइट्स के साथ एमओयू किया है। इन स्थानों पर रोप-वे के तकनीकी और पर्यावरणीय पहलुओं का सटीक मूल्यांकन कराने का निर्णय हुआ है। इसके लिये परियोजना में व्यवहार्यता अध्ययन को सुनिश्चित किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tourist-corridor-will-connect-getalsud-dam-and-jonha-hundru-fall